
लापरवाही — अधूरा कार्य छोड़ हुए रफूचक्कर, ग्रामीणों की जान जोखिम में

# पुल निर्माण में ठेकेदार की बड़ी लापरवाही



**नवभारत/नरसिंहपुर/ गोटेगांव** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत उमरिया से खुढ़ैना गांव को जोड़ने वाले मार्ग पर नवनिर्मित पुल भ्रष्टाचार और लापरवाही की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। संबंधित ठेकेदार ने पुल का निर्माण तो कर दिया, लेकिन सुरक्षा की दृष्टि से सबसे महत्वपूर्ण लोहे के एंगलों का कार्य अधूरा ही छोड़ दिया है। हैरत की बात यह है कि निर्माण एजेंसी और प्रशासन की अनदेखी के चलते ठेकेदार काम पूरा किए बिना ही मौके से चला गया है।

### सुरक्षा मानकों की अनदेखी, अधूरे एंगलों से बढ़ा दुर्घटना का अंदेशा

नदी पर बने इस पुल के ऊपर राहगीरों की सुरक्षा के लिए लोहे के सुरक्षा घेरे (रेलिंग) लगाए जाने थे। ठेकेदार ने पुल के अंतिम छोर पर लोहे के पोल तो खड़े कर दिए हैं, लेकिन उनमें लगाए जाने वाले आड़े पाइपों को फिट नहीं किया गया। रेलिंग के दोनों साइड के कुछ हिस्सों को खुला छोड़ दिया गया है, जिससे रात के अंधेरे में वाहन चालकों और मवेशियों के नदी में गिरने का गंभीर खतरा बना हुआ है।

### बिना उद्घाटन शुरू हुआ आवागमन, शिलालेख भी खाली

ठेकेदार ने अधूरे पड़े पाइपों पर केवल रंग-रोगन कर औपचारिकता पूरी की और वहां से रफूचक्कर हो गया। ग्रामीणों ने रोष व्यक्त करते हुए बताया कि पुल का अभी तक औपचारिक उद्घाटन भी नहीं हुआ है और यहां शिलालेख के लिए बनाया गया स्थान अब भी खाली पड़ा है। इसके बावजूद पुल से आवागमन शुरू हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण एजेंसी के अधिकारियों ने कार्य की गुणवत्ता और पूर्णता की जांच किए बिना ही इसे ऐसे ही छोड़ दिया है। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि संबंधित ठेकेदार पर कार्यवाही की जाए और सुरक्षा के अधूरे कार्य को तत्काल प्रभाव से पूर्ण कराया जाए।



## अक्षय तृतीया से होगी विवाह की शुरुआत

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** भारतीय पंचांग गणना के अनुसार 14 -15 मार्च की दरम्यानी रात में नवग्रहों के राजा सूर्य का मीन राशि में प्रवेश करते ही खरमास प्रारंभ होने से विवाह आदि मांगलिक कार्यों में विराम लग गया है। 14 अप्रैल को मेष की संक्रांति के बाद मांगलिक कार्यों का शुभारंभ होता है। आचार्य प्रमोद पचौरी ने बताया कि इस वर्ष 36 दिनों के विराम के बाद 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया के शुभ मुहूर्त में शहनाइयों की गुंज के साथ फिर विवाह कार्यों का शुभारंभ होगा। इस वर्ष ज्येष्ठ का महीना अधिक मास के रूप में रहेगा। सूर्य की संक्रांति से रहित अधिक मास 17 माई से 15 जून तक रहेगा इसको मलमास और पुरुषोत्तम मास भी कहते हैं इसमें विवाह आदि मांगलिक कार्यों के लिए मुहूर्त नहीं होते हैं। धार्मिक साधना तीर्थ यात्रा पुराण कथा श्रवण निष्कामअनुष्ठान आदि के लिए यह महीना बहुत ही शुभ माना जाता है।

# नेशनल लोक अदालत में 217 प्रकरणों का निराकरण



**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** शनिवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय के निर्देशानुसार एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में व्यवहार न्यायालय में इस वर्ष की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ तहसील विधिक सेवा समिति अध्यक्ष अरविंद मीणा के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। अधिवक्ता संघ के अधिवक्तागण सहित नगर परिषद स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सोनाटा फाइनेंस बैंक पंजाब नेशनल बैंक म0प्र0 ग्रामीण बैंक इत्यादि बैंको के कर्मचारी एवं उन बैंको से संबंधित पक्षकार एवं समस्त न्यायालयीन स्टाफ उपस्थित रहे। नेशनल लोक अदालत में पारिवारिक विवाद सिविल प्रकरण एवं राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण जल-विद्युत कर आदि से संबंधित प्रकरणो एवं अन्य प्रकरणों का आपसी बातचीत से समझौते के माध्यम से निराकरण किया गया। जिसमें न्यायालय में लंबित प्रकरणों में से 35 प्रकरणों का आपसी सामंजस्य एवं सौहार्द्रपूर्ण समझौते के आधार पर निराकरण किया गया जिसमें 72 व्यक्ति लाभान्वित होकर 395000 रूपये का समझौता एवं कुल प्रीलिटीगेशन के 217 प्रकरण निराकृत हुए जिसमें 1404322 रूपये की राशि का समझौता हुआ जिसमें 217 व्यक्ति लाभान्वित हुए। समझौता के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण करने वाले पक्षकारों को आपसी भाईचारे का संकल्प दिलाया जाकर फलदार पौधे भेंट कर नेशनल लोक अदालत के माध्यम से समझौता करने हेतु धन्यवाद आभार प्रकट कर नेशनल लोक अदालत का सफलता पूर्वक समापन किया गया।

## नगर पालिका परिषद में आयोजित लोकअदालत लोकअदालत में पैंतीस लाख की राजस्व प्राप्ति

**नवभारत/ करेली।** शासन के निर्देशानुसार वितीय वर्ष 2025-26 के अंतिम लोकअदालत का आयोजन नगरपालिका परिषद प्रांगण में दिनांक 14/03/2026 दिन शनिवार को किया गया। जिसमें संपति कर, जलकर, दुकान किराया में सरचार्ज में छूट का लाभ दिया गया। जिसमें करेली के करदाताओं ने बड़ चढ कर अपने करों का भुगतान कर सरचार्ज में छूट का लाभ लिया गया। लोकअदालत के पूर्व नगरपालिका परिषद करेली के द्वारा पूरे शहर में आम मुनादी तथा नोटिस दे कर करदाताओं लोक अदालत में टेक्स जमा करने की सूचना प्रदान की तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीकांत पाटर के द्वारा भी करदाताओं से सोशल मीडिया पर संदेश देकर टेक्स जमा करने की अपील भी की थी। उक्त लोकअदालत में 35,00,000/- लाख की राजस्व प्राप्ति हुई। उक्त लोक अदालत में मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीकान्त पाटर के निर्देशन पर प्रभारी राजस्व उपनिरीक्षक रामकुमार जाटव, वार्ड प्रभारी शंकर ठाकुर, हेमराज त्रिपाठी, लक्ष्मी जोशी, सभी अधिकारी /कर्मचारी उपस्थित रहें।



## पुलिया निर्माण से राहगीरों को मिलेगी बड़ी राहत, बारिश में नहीं रुकेगा आवागमन

**नवभारत/गोटेगांव।** तहसील के श्रीनगर से उमरिया और बुढ़ेना गांव को जोड़ने वाले मार्ग पर राहगीरों की बरसों पुरानी समस्या का समाधान होने जा रहा है। इस मार्ग पर नदियों के ऊपर पुल निर्माण के बाद अब एक नाले पर स्थित पुरानी और नीची पुलिया को हटाकर नई पुलिया का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया गया है। विदित हो कि उक्त रास्ते पर मौजूद पुरानी पुलिया काफी नीचे थी, जिसके कारण बारिश के मौसम में नाले का पानी पुलिया के ऊपर से बहने लगता था। इस वजह से कई दिनों तक गांवों का संपर्क टूट जाता था और राहगीरों को अपनी जान जोखिम में डालकर निकलना पड़ता था या घंटों इंतजार करना पड़ता था।

# अंधे हत्याकांड के आरोपी को 36 घंटे में किया गिरफ्तार

**नवभारत/करेली।** 14 फरवरी को पुष्पेन्द्र ठाकुर ने थाना करेली में रिपोर्ट दर्ज करवाई। दिनांक 10 को लगभग 06:00 बजे में अपने साले हल्कू ठाकुर के साथ रातीकरार अपनी साली नीतू ठाकुर के यहां पर गया था जो नीतू ठाकुर की तबीयत खराब होने के कारण अपनी साली नीतू ठाकुर व साला हल्कू ठाकुर के साथ लेकर राकई में ईलाज करने के बाद अपने घर रिजवान भाईजान का खत पहुंचा तो घर पर वंदना ठाकुर घर पर नही मिली तो आवाज लगाने पर भी की आवाज नही आयी तब मेरे द्वारा रास्ते से निकल रहे एक व्यक्ति से मोबाइल लेकर अपनी पत्नि के मोबाईल पर फोन लगाया तो वह फोन अनूप पटेल ने उठाया और बताया कि मेरे आटो छोटा हाथी में पीछे यह मोबाइल डला मिला है तब में अपने खेत मालिक को फोन लगाकर बताया जो खेत मालिक के आने पर रिजवान भाईजान के साथ देखने पर गेहू के खेत पर खून दिखा और पसीने के निशान थे जो आगे देखने पर मेरी पत्नि वंदना गेहूं के खेत की मेड में खून से लथपथ मृत थी जिसकी रिपोर्ट पर थाना कनेली में अपराध क्रमांक-232/26 धारा 103(1), 233र बीएनएल का मामला कायम कर तत्काल मौके पर निरीक्षक रत्नाकर हिंगये थाना प्रभारी करेली स्टाफ के साथ कई हार रिजवान के खेत पहुंच हालात से अधिकारियों को अवगत कराया। प्रकरण की गंभीरता को देखकर पुलिस ऋषिकेश के दिशा निर्देशन में और एसडीओपी पुलिस श्री मनोज गुप्ता के मार्गदर्शन में अज्ञात आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु मौके पर पहुंच कर थाना प्रभारी निरीक्षक रत्नाकर हिंग्वे को विस्तृत निर्देश दिये गये। अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) नरसिंहपुर के निर्देशन में निरीक्षक रत्नाकर हिंग्वे थाना प्रभारी करेली के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की ग ई। प्रकरण में आरोपी की गिरफ्तारी हेतु उक्त टीम द्वारा तकनीकी आधार व मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर अधिक सूचना पर दिनांक 1303/2026 को मुखदिर सूचना के आधार पर रातीकरार निवासी मोड इरशाद पिता नशरूद्दीन मुसलमान से पूछताछ की गयी तो इरशाद व्दारा बताया गया कि घटना के पूर्व लगभग 15 दिवस पूर्व एक समाजिक पंचायत में मृतिका वंदना के द्वारा आरोपी एवं उसकी प्रेमिका को काफी कुछ अनाप सनाफ कह दिया था व अपनी प्रेमिका से हमेशा के लिए छोड़ने का कहा जो आरोपी को नागवारा गुजरा व उसने अपने प्रेम संबंधों का विरोध करने वाली वंदना को रास्ते से हटाने का सोचा उसी दिन से आरोपी इरशाद मृतिका वंदना से काफी रंजिश रखे हुये था दिनांक 10.03.2026 को रात करीबन पौने 9 बजे घर मे अकेली पाकर उसे बांस के डंडे से मारपीट कर उसकी हत्या कर दी एवं उसकी लाश को खीचकर गेंहू की फसल से मेड के किनारे ले जाकर फेंट दिया एवं घटना से से मृतिका का मोबाईल को ले जाकर घटना स्थल से दूर एक चलते हुये छोटा हाथी मे फेंक देना बताया।

## अंकित शुक्ला बने भारतीय श्रमजीवी पत्रकार महासंघ के जिला मीडिया प्रभारी



**नवभारत/ गोटेगांव।** विगत दिवस भारतीय श्रमजीवी पत्रकार महासंघ के अंतर्गत मध्य भारत वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन की नरसिंहपुर इकाई में अंकित शुक्ला को जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संगठन के जिला अध्यक्ष हेमराज विश्वकर्मा की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष उपेन्द्र गौतम द्वारा की गई है। इस मनोनयन में प्रदेश सदस्यता प्रभारी राम गोपाल बंसल की भी अहम भूमिका रही। संगठन ने विश्वास जताया है कि अंकित शुक्ला अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे और श्रमजीवी पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे। उनकी इस नियुक्ति पर जिले के पत्रकार साथियों और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की है।


### एक नजर में



## गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करें सीएम राइज स्कूल का निर्माण : कलेक्टर

**नवभारत/ गोटेगांव।** कलेक्टर रजनी सिंह ने शुक्रवार को गोटेगांव में निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल के भवन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य को गुणवत्ता के तय मानकों के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। कलेक्टर ने उत्कृष्ट विद्यालय के पुराने भवन को हटाने (डिस्मेंटल) की प्रक्रिया का भी अवलोकन किया और इस कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए इस स्कूल का निर्माण किया जा रहा है, अत: इसमें किसी भी प्रकार की देरी या गुणवत्ता में समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ गजेंद्र सिंह नागेश और डिप्टी कलेक्टर सुश्री शानू चौधरी भी उपस्थित रहे।

## पांच दिन से लापता है अरुण



**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** समीपी ग्राम मदनपुर के भल्लू ठाकुर का पुत्र अरुण ठाकुर उम्र लगभग 22/23 वर्ष पांच दिन पूर्व अपने घर से बिना बताए कहीं चला गया है। अरुण के पिता भल्लू ठाकुर ने बताया कि वह पोस्ट आफिस बरमान में पदस्थ था। एक्सीडेंट के बाद से मानसिक संतुलन गड़बड़ा गया है। खोजबीन के बाबजूद भी पता नहीं चल रहा है।किसी भी व्यक्ति को दिखे तो सूचना देने की अपील की है।

## 19 से प्रारंभ होने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान से संबंधित कार्यशाला में कलेक्टर ने की विस्तृत चर्चा

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** रजनी सिंह ने गोटेगांव जनपद पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित कार्यशाला जनसंवाद में आगामी 19 मार्च से प्रारंभ होने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण और संवर्धन से संबंधित कार्यों को पूरी गंभीरता और जनभागीदारी के साथ संपादित किया जाए। कलेक्टर सिंह ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान का उद्देश्य जल स्रोतों का संरक्षण, वर्षा जल का अधिक से अधिक संचयन और जल संरचनाओं के संरक्षण को बढ़ावा देना है। इसके तहत तालाबों, कुओं, बावड़ियों एवं अन्य जल स्रोतों की सफाई, गहरीकरण, मरम्मत तथा जल संरक्षण से संबंधित जनजागरूकता गतिविधियां संचालित की जाएंगी। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान की स्पष्ट कार्ययोजना बनाकर निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण किया जाए। साथ ही ग्राम स्तर पर जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं और आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए, ताकि जल संरक्षण के प्रति व्यापक जनजागरूकता विकसित हो सके।

## जिला समन्वय समिति गठित



**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस गायत्री शक्तिपीठ में जिला समन्वय समिति का गठन किया गया जिसमें सर्व सहमति समाजसेवी रामकुमार ठाकुर को जिला समन्वयक का दायित्व सौंपा गया है। साथ ही महिला जागरण अभियान में जया वर्मा पर्यावरण और जल संरक्षण में संतोष पटेल स्वावलंबन शिक्षण प्रशिक्षण का श्रीकांत गुप्ता तेंदूखेड़ा को दायित्व सौंपा गया है। इस अवसर पर जबलपुर उपजोन से नरेश तिवारी प्रकाश सेन अनंत आचार्य थम्मन शर्मा वृंदावन पटेल अविनाश वेलाकर के साथ साथ जिले के सभी बरिष्ठ परिजनों सहित तहसील समन्वय समिति तेंदूखेड़ा तहसील के सभी गायत्री परिजन उपस्थित रहे ।



## कलेक्टर की सख्त चेतावनी, 50 प्रतिशत से कम फार्मर आईडी बनाने वाले पटवारियों का रुकेगा वेतन

**नवभारत/ गोटेगांव।** कलेक्टर रजनी सिंह ने शुक्रवार को जनपद पंचायत गोटेगांव में पटवारियों की समीक्षा बैठक लेकर राजस्व कार्यों में लापरवाही बरतने वालों को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि मार्च माह तक 50 प्रतिशत से कम किसानों की फार्मर आईडी बनाई गई, तो संबंधित पटवारी का वेतन आहरण नहीं किया जाएगा। कलेक्टर ने अगले 15 दिनों में लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में सीएम हेल्पलाइन की 100 दिनों से अधिक लंबित शिकायतों का तत्काल निराकरण करने तथा गौशाला व श्मशान घाट की भूमि से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने गेहूं पंजीयन सत्यापन और जनगणना कार्य के लिए लैपटॉप में एमडीएम इंस्टॉल करने की प्रक्रिया को भी समय-सीमा में पूरा करने को कहा। इसके अतिरिक्त, पराली जलाने की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु बड़े किसानों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ गजेंद्र सिंह नागेश सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# शिक्षित बेरोजगारों के लिए रोजगार की नई राह



**नवभारत/गोटेगांव।** विधानसभा क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार प्राप्ति का सुनहरा अवसर सामने आया है। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के आदेशानुसार एवं पूर्व विधायक शेखर चौधरी के प्रयासों से भारतीय उद्योग परिसंघ के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षण उपरांत रोजगार दिलाने की पहल की गई है। शुक्रवार को श्री धाम मैरिज हॉल रिपटा में आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र के युवाओं ने भारी उत्साह दिखाया, जहाँ कुल 89 युवक-युवतियों ने प्रशिक्षण हेतु अपने नामांकन फॉर्म जमा किए। इस कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित युवाओं को सीआईआई द्वारा तीन माह का विशेष तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाएगा। सफल प्रशिक्षण के उपरांत युवाओं को एलएंडटी, जेसीबी, टोयोटा, कमिंग्स, मारुति, वोल्टास, हीरो, बजाज, टाटा स्ट्राइव और शापूरजी पल्लोनजी जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार के निश्चित अवसर प्राप्त होंगे। प्रशिक्षण की अवधि के दौरान प्रशिक्षार्थियों के लिए नि:शुल्क भोजन और आवास की व्यवस्था पूर्व विधायक शेखर चौधरी के सौजन्य से सीआईआई द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। पूर्व विधायक शेखर चौधरी ने बेरोजगारी के इस दौर में युवाओं के भविष्य की चिंता करने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का आभार व्यक्त किया। आयोजन के दौरान सीआईआई की ओर से दिलीप डेहरिया, कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के कोऑर्डिनेटर नरेश बिलवार, मीनू राजपूत, युवक कांग्रेस जिला महासचिव आरती पटेल, अशोक दुबे, मयंक पटेल और आशीष राय सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और आवेदक उपस्थित रहे।

# संगीतमय श्री महाशिवपुराण कथा में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़



**नवभारत/गाडरवारा।** क्षेत्र में इन दिनों लगातार हो रहे धार्मिक आयोजनों के चलते पूरा वातावरण धर्ममय बना हुआ है। इसी क्रम में समीपस्थ ग्राम आमपुरा (सांगई) के शक्ति दरबार में आयोजित संगीतमय श्री महाशिवपुराण कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। गांव का माहौल पूरी तरह भक्ति और आस्था से सराबोर नजर आ रहा है। कथा प्रारंभ होने से पूर्व माँ खेरापति मंदिर से कथा स्थल आमपुरा तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। बैंड-बाजे के साथ निकली इस यात्रा में बेटियां और महिलाएं सिर पर कलश धारण कर चल रही थीं। पूरे गांव में भक्ति का वातावरण देखने को मिला। कथा के पूर्व प्रतिदिन शिवलिंग निर्माण और रुद्राभिषेक का आयोजन भी किया जा रहा है। बीते शुक्रवार को कथा के तीसरे दिन आरती के बाद कथा वाचक पंडित हेमंत कृष्ण दीक्षित ने भगवान शिव की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान शिव केवल संहारक ही नहीं, बल्कि परम कल्याणकारी और सृष्टि के मूल आधार हैं। उन्होंने बताया कि शिवपुराण का श्रवण करने से मनुष्य के जीवन में वैराग्य और भक्ति का भाव उत्पन्न होता है। कथा के दौरान चंचुला के प्रसंग का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि शिव कथा सुनने से उसके हृदय में वैराग्य जागृत हुआ और वह भगवान शिव की भक्ति में लीन होकर अंतत: दिव्य विमान से शिवलोक को प्राप्त हुई। कथा वाचक ने ब्रह्मा, विष्णु और महेश के प्राकट्य का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि सबसे पहले निर्गुण निराकार ब्रह्म यानी सदाशिव से शक्ति का प्राकट्य हुआ। सदाशिव के वाम अंग से भगवान विष्णु प्रकट हुए और उन्हें सृष्टि के पालन का दायित्व मिला। भगवान विष्णु की नाभि से कमल प्रकट हुआ, जिस पर ब्रह्मा जी अवतरित हुए।

### भगवान शिव का रुद्र रूप प्रकट

इसके बाद ब्रह्मा जी की भौंहों के मध्य से भगवान शिव का रुद्र रूप प्रकट हुआ, जिन्हें संहार का कार्य सौंपा गया। उन्होंने कहा कि शिवपुराण के अनुसार शिवलिंग की पूजा करना साक्षात महादेव की पूजा के समान है। साथ ही नम: शिवाय मंत्र का निरंतर जप करने से व्यक्ति जन्म-मरण के बंधन से मुक्त हो सकता है। कथा के तीसरे दिन का मुख्य संदेश अहंकार का त्याग रहा। उन्होंने कहा कि अहंकार मनुष्य को विनाश की ओर ले जाता है। जब ब्रह्मा और विष्णु के बीच श्रेष्ठता को लेकर विवाद हुआ, तब भगवान शिव अनंत अग्नि स्तंभ (लिंग) के रूप में प्रकट हुए और उनके अहंकार को समाप्त किया। यह प्रसंग हमें सिखाता है कि भक्ति में 'मैं' अर्थात अहंकार का कोई स्थान नहीं होता।

## ब्रांडेड कंपनियों से मिलते-जुलते उत्पादों की बाजार में भरमार, आमजन की सेहत पर खतरा

**नवभारत/ गाडरवारा।** इन दिनों बाजार में डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों की मांग तेजी से बढ़ती जा रही है। खुले खाद्य पदार्थों में शुद्धता की गारंटी नहीं होने और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के कारण लोग पैक्ड आइटम की ओर अधिक आकर्षित हो रहे हैं। इसके चलते नामी-गिरामी कंपनियों के विभिन्न प्रकार के उत्पाद बाजार में उपलब्ध हैं, जो बच्चों से लेकर बड़ों तक की पसंद बनते जा रहे हैं। लेकिन यदि बाजार पर गौर किया जाए तो इन ब्रांडेड कंपनियों से मिलते-जुलते नामों वाले उत्पादों की भी बाढ़ देखने को मिल रही है। इन उत्पादों की गुणवत्ता और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर न तो दुकानदारों को पर्याप्त जानकारी है और न ही संबंधित विभागों द्वारा नियमित जांच की जा रही है। अधिक कमीशन के लालच में कई दुकानदार इन उत्पादों को बेचने में रुचि दिखाते नजर आ रहे हैं, जिससे आम लोगों की सेहत पर खतरा मंडराने लगा है। अक्सर देखा जाता है कि बिना आईएसआई मार्क या अन्य गुणवत्ता प्रमाणन वाले उत्पाद भी बाजार में खुलेआम बेचे जा रहे हैं, जिन्हें स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बताया जाता है। ग्राहकों में जागरूकता की कमी और दुकानदारों के लालच के कारण असली ब्रांड की तरह दिखने वाले नकली या मिलते-जुलते उत्पाद आसानी से ग्राहकों को बेच दिए जाते हैं।

### निर्माण तिथि और एक्सपायरी डेट का भी अभाव

कई उत्पादों पर निर्माण तिथि तक अंकित नहीं होती और कई जगह एक्सपायरी डेट निकलने के बाद भी सामान बिकता हुआ देखा जा सकता है। इन उत्पादों की बिक्री शहर की गलियों से लेकर गांव-गांव तक हो रही है। साथ ही आसपास के कस्बों में लगने वाले साप्ताहिक बाजारों में भी इनका लाखों रुपये का कारोबार हो रहा है।